संख्या-477/2018/94/22-2-2018-17(83)/2018

प्रेषक,

सूर्य प्रकाश सिंह सेंगर,
संयुक्त सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

महानिरीक्षक,
कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवायें,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

कारागार प्रशासन एवं सुधार अनुभाग-2 ***लखनऊ: दिनांक 05 जून, 2018***

विषय:- जिला कारागार, महराजगंज में निरूद्ध सीमित सजा से दण्डित सिद्धदोष बन्दी अनारूद्दीन पुत्र श्री अलीहसन निवासी जनपद-महराजगंज की दयायाचिका के आधार पर समयपूर्व रिहाई के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या-745/प्रोबे0-5-द0या0/बैठक-17.12.2017 दिनांक 05.01.2018 का कृपया संदर्भ ग्रहण करें।

2- आपके उक्त पत्र द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रस्तावानुसार जिला कारागार, महराजगंज में निरूद्ध सीमित सजा से दण्डित सिद्धदोष बन्दी अनारूद्दीन पुत्र श्री अलीहसन, जो-कम्हरियां बुजुर्ग, टोला-बरगदिया थाना-कोल्हुई, जनपद-महराजगंज का रहने वाला है। बन्दी द्वारा मुकदमेंबाजी की रंजिश को लेकर दिनांक 25.09.2004 को 07 अन्य सहअभियुक्तों के साथ मिलकर मार-पीट कर 01 व्यक्ति की हत्या कारित की। बन्दी को सत्र परीक्षण संख्या-31/2005 में भा0द0वि0 की धारा-147, 304/149, 504, 506 के अन्तर्गत मा0 अपर सत्र न्यायाधीश (कोर्ट सं0-1), महराजगंज के आदेश दिनांक 20.12.2013 द्वारा 10 वर्ष के सश्र कारावास के दण्ड से दण्डित किया गया। बन्दी द्वारा दिनांक 30.11.2017 तक 04 वर्ष 00 माह 03 दिन की अपरिहार सजा तथा 04 वर्ष 10 माह 06 दिन की सपरिहार सजा भोगी गयी है। बन्दी का जेल आचरण संतोषजनक है। पुलिस अधीक्षक एवं जिला मजिस्ट्रेट द्वारा बन्दी की समयपूर्व मुक्ति की संस्तुति नहीं की गयी है। दयायाचिका समिति द्वारा बन्दी की काटी गयी सजा, कारित अपराध की प्रकृति व जिला मजिस्ट्रेट/पुलिस अधीक्षक द्वारा समयपूर्व मुक्ति की संस्तुति न किये जाने के दृष्टिगत सम्यक् विचारोपरान्त समयपूर्व रिहाई की संस्तुति नहीं की गयी है।

3- अत: उपरोक्त वर्णित तथ्यों के परिप्रेक्ष्य में मुझे यह सूचित करने का निदेश हुआ है कि बन्दी अनारूद्दीन (बन्दी संख्या-153/13) पुत्र श्री अलीहसन निवासी जनपद-महराजगंज की संविधान के अनुच्छेद-161 के अन्तर्गत दया याचिका के आधार पर समयपूर्व रिहाई सम्यक् विचारोपरान्त शासन द्वारा **अस्वीकार** कर दी गयी है। कृपया उपरोक्त से बन्दी को भी अवगत कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

(सूर्य प्रकाश सिंह सेंगर)
संयुक्त सचिव।

संख्या-477/2018/94(1)/22-2-2018 तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- जिला मजिस्ट्रेट, महराजगंज ।
2- अधीक्षक, जिला कारागार, महराजगंज ।
3- निजी सचिव, मा0 राज्यमंत्री, कारागार विभाग को मा0 मंत्री जी के सूचनार्थ।
4- गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(सूर्य प्रकाश सिंह सेंगर)
संयुक्त सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in